बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
(पंजीयन सं.-633/2003)
Website ; basabihar.in, E-mail Id : infobasa1@gmail.com

कार्य. अध्यक्ष
* साबर भारती
मो.-9955849473

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो.-9431091417 E-mail: shushilkumar09@gmail.com

संयुक्त सचिव : * राजयनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाध्यक्ष : * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्ष : * विनोद आनन्द

पत्रांक: 13 दिनांक: 6-6-2017

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार।

विषय :— **बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति एवं बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के Stagnation दूर करने हेतु कैडर स्ट्रक्चर के संदर्भ में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक ज्ञातव्य है कि वर्ष 2013, 2014 एवं 2015 की रिक्ति क्रमशः 13, 19, एवं 08 कुल 40 के विरूद्ध बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति अब तक नहीं हो पाई है जिससे सदस्यों में असंतोष व्याप्त है। विलम्ब से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति होने से पदाधिकारियों का भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवा अवधि बहुत कम रह पाती है दूसरी ओर बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति होने पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को प्रोन्नति हेतु रिक्ति उपलब्ध हो पाती है।

संघ का अनुरोध है कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेकर इसकी सारी औपचारिकताएँ पूरी कर बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति का प्रस्ताव भेजा जाय।

2. ज्ञातव्य है वर्ष 2015 में माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा सभी विभागों की समीक्षा के क्रम में बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग संरचना की पुनसंरचना हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया गया था, ताकि प्रोन्नति में Stagnation समाप्त हो सके। जिसके आलोक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग की पुनसंरचना का प्रस्ताव तैयार किया गया, परन्तु वित्त विभाग के नकारात्मक रवैया के कारण इसकी स्वीकृति नहीं हो पायी है।

संघ का अनुरोध है कि इस मामले में भी व्यक्तिगत अभिरूचि लेकर बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग की पुनसंरचना की स्वीकृति दी जाय।

(सुशील कुमार)
महासचिव

(सांबर भारती)
कार्य0 अध्यक्ष

प्रतिलिपिः— सम्पादक, सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रेजी को प्रकाशनार्थ प्रेषित। उपरोक्त दोनों विषय पर प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग से वार्त्ता हुई उन्होनें आश्वासन दिया है कि वर्ष 13, 14, 15 के विरूद्ध बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति हेतु प्रस्ताव जुलाई, 2017 में भेज दिया जायेगा।

दूसरे बिन्दु पर उन्होनें कहा है कि प्रधान सचिव, वित्त से वार्त्ता कर बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग की पुनसंरचना का समाधान कर दिया जायेगा।

(सुशील कुमार)
महासचिव

(